द इंडस आंत्रप्रेन्योर्स स्टार्टअप सम्मेलन : प्रसिद्ध 21 स्पीकर्स का यूथ को मंत्र

एक स्टेप आगे की सोचें, सफलता@100%

बांटे अपने अनुभव, यूथ के कई प्रश्नों के दिए उत्तर

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

इंदौर. सफलता को हमेशा साथ लेकर चलना है, तो हमें सामान्य सोच से एक कदम आगे सोचना होगा। सफलता 100 प्रतिशत आपकी होगी। यूथ आंत्रप्रेन्योर्स को इसी सोच के साथ अपने नए स्टार्टअप्स की शुरुआत करनी चाहिए। इन मूल मंत्रों को देश भर से आए दिग्गज लीडर्स ने इंदौर में आयोजित द इंडस आंत्रप्रेन्योर्स स्टार्टअप सम्मेलन में मध्यप्रदेश के यूथ इंटरप्रिन्योर्स के साथ साझा किया।

ये सिलसिला कभी खत्म नहीं होगा...

विशेषज्ञ नीरज रॉय ने इस मौके पर कहा कि जब स्मार्ट फोन आए तो हमने सोचा कि इसमें म्यूजिक भी चलना चाहिए। इस आइडिया के क्लिक होते ही इस सेक्टर में काम शुरु किया। डिजिटल मीडिया का दौर कभी खत्म नहीं होगा, क्योंकि कहानियां कभी खत्म नहीं होती। हजारों साल पहले भी इंटरटेनमेंट में कहानियां परोसी जाती थी और आगे भी यह कई रूपों में आती रहेगी।

ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर में शनिवार को द इंडस आंत्रप्रेन्योर्स (टाई) स्टार्टअप सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शांतनु देशपांडे ने बताया कि अगर कोई प्रोडक्ट पावरफुल है और ग्राहक को महत्व दे रहा है, तो बिजनस ग्रोथ तेजी से बढ़ेगी। शुरुआत छोटे से जरूर होती है, लेकिन बड़ा बनाने की काबलियत स्वयं में होनी चाहिए।

नए प्रयोग से सफलता तय

पब्लिक ट्रांसपोर्ट की दिशा में नए प्रयोग की सफलता पर प्रिया सिंह ने कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट से ही देश के ट्रेफिक सिस्टम को व्यवस्थित रखा जा सकता है। अब ईवी बसें चलाने पर काम कर रहे हैं और इंदौर में भी नए ईवी बसें लाने वाले हैं।